# झारखण्ड विशेष

# घटनाक्रम संग्रह क्विज

PDF

# The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC

## झारखण्ड की प्रतियोगी परीक्षाओं पर केंद्रित

# झारखण्ड

# Current Affairs Quiz

## सेट - 2

1. झारखंड के किस गैर सरकारी संगठन (NGO) ने 'लॉरेस स्पोर्ट फॉर गुड ऑनर' पुरस्कार जीता है?

a. युवा

b. सहयोग

c. आशादीप

d. प्रोत्साहन

# युवा

बालिका शसक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने वाले झारखंड के गैर सरकारी संगठन 'युवा' (YUWA) ने 'लॉरेस स्पोर्ट फॉर गुड ऑनर' पुरस्कार जीता है।

'लॉरेस स्पोर्ट फॉर गुड ऑनर' पुरस्कार जीतने वाला NGO युवा देश का तीसरा NGO है।

NGO 'युवा' ग्रामीण झारखंड में बालिकाओं के लिए फुटबॉल कार्यक्रम का संचालन करता है।

हिन्दवंशी

2. निम्नलिखित में से कौन सी महिला पाकिस्तान में दीवानी न्यायाधीश नियुक्त होने वाली पहली हिंदू महिला बनी है?

a. आशा सिन्हा

b. सुमन कुमारी

c. आकांक्षा राजपूत

d. वी एस रमाकृष्णन

# सुमन कुमारी

सुमन कुमारी पाकिस्तान में दीवानी न्यायाधीश नियुक्त होने वाली पहली हिंदू महिला बन गई हैं।

3. निम्न में से किस राज्य ने सिन्धु नदी डॉल्फिन को राज्य का राजकीय जलीय जीव घोषित किया है?

a. पंजाब

b. हरियाणा

c. जम्मू कश्मीर

d. हिमाचल प्रदेश

पंजाब

पंजाब सरकार ने ब्यास नदी में पायी जाने वाली सिन्धु नदी डॉल्फिन को राज्य का राजकीय जलीय जीव का दर्जा प्रदान किया है।

4. चागोस द्वीप समूह विवाद निम्न में से किन दो देशों के बीच है?

a. फ्रांस ब्रिटेन

b. ब्रिटेन मॉरीशस

c. मालदीव मॉरीशस

d. मालदीव सेशल्स

## ब्रिटेन मॉरीशस

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice) ने ब्रिटेन से चागोस द्वीप समूह को खाली कर उसे मॉरीशस को वापस लौटाने का आदेश दिया है।

भारत ने चागोस द्वीपसमूह के मामले में मॉरीशस का समर्थन किया है।

5. निम्नलिखित में से झारखंड के किस नगर निगम को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से 'स्वच्छता एक्सिलेंस अवार्ड-2019' के आकांक्षी जिलों के लिए सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया है?

a. चास नगर निगम

b. गिरिडीह नगर निगम

c. मेदिनीनगर नगर निगम

d. आदित्यपुर नगर निगम

## चास नगर निगम

झारखंड के चास नगर निगम को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से स्वच्छता एक्सिलेंस अवार्ड-2019 के आकांक्षी जिलों के लिए सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया है।

यह पुरस्कार स्वच्छता संबंधी कार्यों जैसे घरों से गीला-सूखा कचरा का निस्तारण, गीले कचरे से होम कम्पोस्ट तैयार करना, प्लास्टिक की जगह पेपर बैग का इस्तेमाल तथा सैनिटरी पैड का उपयोग आदि के सर्वेक्षण को केंद्र में रखकर प्रदान किया जाता है।

समारोह में एरिया लेवेल फेडरेशन (ALF- जो करीब दस सखी मंडलों को मिलाकर गठित होता है) की श्रेणी में देवघर के ALF 'अभियान' और साहिबगंज के ALF 'प्रज्ञा वाहिनी आजीविका' को भी सम्मानित किया गया।

6. मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने युवाओं में कौशल विकास के जरिये उन्हें काबिल बनाने के लिए कौन सा पोर्टल लॉन्च किया है?

a. STAR

b. VIJETA

c. TALENT

d. SHREYAS

## SHREYAS

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए श्रेयस (Scheme for Higher Education Youth in Apprenticeship and Skills-SHREYAS) कार्यक्रम की शुरुआत की है।

SHREYAS कार्यक्रम तीन केंद्रीय मंत्रालयों मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

7. निम्न में से किस स्थान पर केंद्र सरकार के द्वारा दिव्यांगजन खेल-कूद केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई है?

a. नागपुर

b. ग्वालियर

c. चंडीगढ़

d. जमशेदपुर

## ग्वालियर

केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में दिव्यांगजन खेल-कूद केंद्र स्थापित करने की मंज़ूरी दे दी है।

8. निम्नलिखित में से किस राज्य में राइस नॉलेज बैंक की शुरुआत की गई है?

a. बिहार

b. असम

c. त्रिपुरा

d. पश्चिम बंगाल

## असम

विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना असम एग्री-बिजनेस एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन के तहत गुवाहाटी में "राइस नालेज बैंक" का शुभारंभ किया गया।

इस कृषि वेब पोर्टल का उद्देश्य चावल उत्पादन प्रौद्योगिकियों और तकनीकों, उत्पादन के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में अनुसंधान करना है।

9. नीति आयोग के द्वारा पिछड़े जिलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों के लिए जारी डेल्टा रैंकिंग 2018-19 में किस जिले को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?

a. चतरा, झारखंड

b. देवरिया, उत्तरप्रदेश

c. टीकमगढ़, मध्यप्रदेश

d. सिरमौर, हिमाचलप्रदेश

## चतरा, झारखंड

नीति आयोग की पिछड़े जिलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों की रैंकिंग में झारखंड के तीन जिले चतरा, साहिबगंज और हजारीबाग सबसे ऊपर हैं।

नीति आयोग के द्वारा जारी यह डेल्टा रैंकिंग 2018-19 में छह विकास क्षेत्रों स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेश, कौशल विकास तथा मूल ढांचागत सुविधा में इन जिलों में हुई प्रगति के आधार पर तय की गई है।

शिक्षा मानदंडों के आधार पर उत्तर प्रदेश का सोनभद्र जिला तथा झारखंड का साहिबगंज और चतरा जिला शीर्ष तीन जिलों में शामिल हैं।

10. विश्व गौरैया दिवस (World Sparrow Day) निम्न में से किस दिन मनाया जाता है?

a. 12 जनवरी

b. 20 मार्च

c. 22 मई

d. 11 जुलाई

20 मार्च

20 मार्च को दुनियाभर में विश्व गौरैया दिवस (World Sparrow Day) मनाया गया।

गौरैया के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है।

11. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने स्कूली बच्चों को अंतरिक्ष कार्यकलापों के उभरते क्षेत्रों में अपनी रुचि जगाने के इरादे से कौन सा कार्यक्रम शुरू किया है?

a. उड़ान

b. आसमां

c. युविका

d. जिज्ञासा

# युविका

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने स्कूली बच्चों के लिए "युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम" (युविका) नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य रूप से अंतरिक्ष कार्यकलापों के उभरते क्षेत्रों में अपनी रुचि जगाने के इरादे से युवाओं को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है।

12. राँची की किस महिला ने यूनाइटेड किंगडम के काउंसलर चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की है?

a. नवजोत कौर

b. अराध्या देवी

c. सबीना बीबी

d. बबीता सिन्हा

**बबीता सिन्हा**

**राँची में पली-बढ़ी बबीता सिन्हा ने एपस्ले एंड कॉर्नर बॉरो हॉल वार्ड, डेकोरम बॉरो कांउसिल, यूनाइटेड किंगडम के काउंसलर चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल कर इतिहास रचा।**

13. देश का पहला हीरा संग्रहालय निम्नलिखित में से किस राज्य में बनाया जाएगा?

a. महाराष्ट्र

b. कर्नाटक

c. मध्यप्रदेश

d. आंध्रप्रदेश

## मध्यप्रदेश

मध्य प्रदेश सरकार ने देश का पहला हीरा संग्रहालय छतरपुर ज़िले के खजुराहो में बनाने का फैसला किया है।

इस संग्रहालय में पन्ना की खदानों से मिले 323 कैरेट के हीरे रखे जाएंगे।

14. दुनिया का पहला निजी चंद्र अभियान 'बेरेशीट' किस देश के द्वारा लॉन्च किया गया?

a. चीन

b. जापान

c. रूस

d. इजराइल

## इजराइल

इजराइल की निजी कंपनी का पहला चंद्र यान "बेरेशीट" चंद्रमा की सतह पर उतरने की कोशिश में क्रैश हो गया।

यह दुनिया का पहला निजी चंद्र अभियान था जिसे इजराइल की प्राइवेट कंपनी SpaceIL ने अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से रवाना किया था।

अब तक सिर्फ रूस, अमेरिका और चीन को ही चांद पर यान उतारने में सफलता मिली है।

15. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक किस ग्रह के चांद पर मीथेन की 100 मीटर से ज्यादा गहरी झीलें मिली हैं?

a. बुध

b. शुक्र

c. शनि

d. मंगल

## शनि

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक शनि के सबसे बड़े चांद टाइटन पर मीथेन की 100 मीटर से ज्यादा गहरी और छोटी झीलें हैं।

नासा के कैसिनी अंतरिक्ष यान से जुटाए गए डाटा की मदद से वैज्ञानिकों को यह जानकारी मिली है।

16. झारखंड में देश का सबसे बड़ा तैरता सोलर प्लांट का निर्माण किस शहर में किया जाएगा?

a. राँची

b. देवघर

c. दुमका

d. जमशेदपुर

राँची

झारखंड में देश का सबसे बड़ा तैरता सोलर प्लांट का निर्माण रांची के गेतलसूद और धुर्वा डैम पर किया जाएगा।

इन दोनों संयंत्रों को स्थापित करने के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, झारखंड बिजली वितरण निगम और विश्व बैंक के बीच समझौता किया गया।

17. इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "ग्रीन कार लोन योजना" निम्न में से किस बैंक ने लॉन्च किया है?

a. SBI

b. SIDBI

c. ICICI

d. NABARD

## SBI

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन कार लोन योजना लॉन्च किया है।

बैंक की योजना इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है।

18. भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) द्वारा निम्नलिखित में से किस स्थान पर 4,000 वर्ष पुरानी कब्रगाह की खोज की गई है?

a. भिर्राना (हरियाणा)

b. सनौली (उत्तरप्रदेश)

c. कुम्हरार (बिहार)

d. किलाड़ी (तमिलनाडु)

## सनौली (उत्तरप्रदेश)

भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) द्वारा उत्तर प्रदेश स्थित सनौली में पुरातात्त्विक उत्खनन के दौरान 4,000 वर्ष पुरानी कब्रगाह और अन्य अवशेष खोजे गए हैं।

इस स्थान पर पुरातत्व विभाग को मृत शरीर के साथ ताबूत, चावल एवं दाल से भरे बर्तन और जानवरों की हड्डियाँ भी मिली हैं।

19. निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी की आत्मकथा 'गेम-चेंजर' के नाम से रिलीज़ की गई है?

a. युवराज सिंह

b. सनथ जयसूर्या

c. शाहिद अफरीदी

d. ए बी डी बिलिअर्स

## शाहिद अफरीदी

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने अपनी आत्मकथा 'गेम चेंजर' का अनावरण किया।

इस आत्मकथा को जाने-माने टीवी एंकर और प्रसारणकर्ता वजाहत एस. खान ने लिखा है।

20. वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग ने झारखंड और किस राज्य के बीच टाइगर कॉरिडोर बनाए जाने का निर्णय लिया है?

a. ओड़िसा

b. छत्तीसगढ़

c. उत्तरप्रदेश

d. पश्चिम बंगाल

छत्तीसगढ़

वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्णय के अनुसार झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच टाइगर कॉरिडोर बनाया जाएगा।

21. महिला क्रिकेट खिलाड़ियों पर समर्पित दुनिया की पहली महिला विशेष क्रिकेट पत्रिका निम्न में से कौन है?

a. क्रिकजोन

b. वीमेन टाइम्स

c. विजडन एलेवन

d. युथ स्टोरीज

# क्रिकजोन

दुनिया की पहली महिला विशेष क्रिकेट पत्रिका 'क्रिकज़ोन' का विमोचन भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना की कवर स्टोरी के रूप में किया गया।

पत्रिका के प्रकाशक यश लाहोटी हैं।

इस पत्रिका का उद्देश्य युवा आकांक्षी महिला क्रिकेटरों को खेल को पेशे के रूप में लेने और इससे स्थायी जीवनयापन बनाने के लिए सशक्त बनाना है।

22. झारखंड का पहला ई-वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर किस शहर में खोला गया है?

a. राँची

b. बोकारो

c. नामकुम

d. जमशेदपुर

जमशेदपुर

जमशेदपुर यूटिलिटिज एंड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (जुस्को) व हुलादेक की ओर से झारखंड का पहला ई-वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर जमशेदपुर के साकची में खोला गया है।

हुलादेक की टीम शहरवासियों के घर से ई-वेस्ट कचरे (स्मार्टफोन, पुराने कम्प्यूटर, टीवी, एलईडी, एलसीडी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन) को इकट्ठा करेगी।

23. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले एचआईवी संक्रमित व्यक्ति निम्नलिखित में से कौन हैं?

a. अनिरुद्ध सिंह

b. गोपाल श्रेष्ठ

c. अर्जुन थापा

d. पवन भण्डारी

## गोपाल श्रेष्ठ

नेपाल के रहने वाले गोपाल श्रेष्ठ दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले एचआईवी संक्रमित व्यक्ति बन गए।

24. भारत का पहला डायनासोर म्यूजियम कहाँ स्थापित किया गया है?

a. गुजरात

b. राजस्थान

c. मध्यप्रदेश

d. अरुणाचल प्रदेश

गुजरात

भारत के पहले डायनासोर म्यूजियम का उद्धाटन गुजरात के महिसागर जिले के रायोली में किया गया।

25. राज्यों द्वारा सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने के प्रयासों के संदर्भ में पहला 'राज्य खाद्य सुरक्षा इंडेक्स' निम्न में से किसके द्वारा विकसित किया गया है?

a. नीति आयोग

b. भारतीय खाद्य व कृषि परिषद

c. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

d. भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

## भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

FSSAI ने राज्यों द्वारा सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने के प्रयासों के संदर्भ में पहला 'राज्य खाद्य सुरक्षा इंडेक्स' विकसित किया है।

इस इंडेक्स के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के पांच मानदंडों मानव संसाधन और संस्थागत प्रबंधन, कार्यान्वयन, खाद्य जांच अवसंरचना और निगरानी, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तथा उपभोक्ता सशक्तिकरण के आधार पर राज्यों का प्रदर्शन आंका जाएगा।

हिन्दवंशी

26. केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित 'स्वच्छ, सुंदर शौचालय प्रतियोगिता 2019' में किस जिले को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है?

a. रीवा

b. गिरिडीह

c. यवतमाल

d. आदिलाबाद

गिरिडीह

केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा राज्य, जिला और व्यक्तिगत तौर पर स्वच्छ, सुंदर शौचालय प्रतियोगिता जनवरी 2019 में आयोजित की गई।

स्वच्छ, सुंदर शौचालय प्रतियोगिता में झारखंड 'राज्य श्रेणी' में पूरे देश में अव्वल है।

देश भर में 'जिला स्तरीय प्रतियोगिता' में झारखंड के गिरिडीह जिला को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

हिन्दवंशी

27. एटीएम पर लगने वाले शुल्क पर गौर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा कौन सी समिति गठित की गई है?

a. वी जी कन्नन समिति

b. सुरेश माथुर समिति

c. मुकुल मुद्गल समिति

d. एम दामोदरन समिति

## वी जी कन्नन समिति

एटीएम पर लगने वाले शुल्क पर गौर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने इंडियन बैंक एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वी जी कन्नन की अध्यक्षता में समिति गठित की है।

28. किस देश ने अपने स्कूलों में मंदारिन भाषा सिखाये जाने को अनिवार्य कर दिया है?

a. नेपाल

b. श्रीलंका

c. मालदीव

d. पाकिस्तान

## नेपाल

नेपाल ने मंदारिन सिखाये जाने को काठमांडू में अनिवार्य कर दिया है।

नेपाल में मंदारिन पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन का भुगतान चीन की सरकार करेगी।

29. नये एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से किस राज्य में उज्ज्वला दीदी की नियुक्ति की घोषणा की गई है?

a. गुजरात

b. झारखंड

c. उत्तरप्रदेश

d. पश्चिम बंगाल

## झारखंड

नये एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से झारखंड के सभी पंचायतों में उज्ज्वला दीदी की नियुक्ति की जाएगी।

सभी पंचायतों की उज्ज्वला दीदी घर घर जाकर एलपीजी के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देंगी।

30. किस देश में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ महिलाओं ने Birth Strike नामक अभियान आरंभ किया है?

a. फ्रांस

b. ब्रिटेन

c. डेनमार्क

d. अमेरिका

## ब्रिटेन

ब्रिटेन में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ आवाज़ उठाते हुए Birth Strike आंदोलन आरंभ किया गया है।

लंदन में रहने वाली ब्लाइथे पेपीनो ने 2018 में 'बर्थस्ट्राइक' ग्रुप का गठन किया था।

इस ग्रुप की महिलाओं के द्वारा जलवायु परिवर्तन के विरोध में बच्चे नहीं पैदा करने का ऐलान किया गया है।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी